राजस्थानसरकार
कार्यालय प्राचार्य, राजकीय लोहियामहाविद्यालय, चूरू
E-mail: lohiacollegechuru@gmail.com, Ph.No. 01562-250362, Website: lcc.ac.in

दिनांक :–02/09/2024

प्रेसनोट

स्कूटी वितरण योजना वर्ष 2023–24 की अंतरिम सूची जारी

चूरू जिले के समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय में अध्ययनरत वे छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2023–24 हेतु काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी हेतु आवेदन किया था। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 30/08/2024 को अस्थाई सूची जारी की गई थी, अन्तरिम वरीयता सूची में उल्लेखित छात्राओं का जन आधार से संबंधित विवरण यथा छात्रा का नाम, पिता/पति का नाम, जन्मतिथि, जाति श्रेणी, विशेष योग्यजन वर्ग, मोबाईल नम्बर, अल्पसंख्यक वर्ग आदी में संसोधन हेतु छात्रा द्वारा ई–मित्र से संपर्क कर जनआधार में अपडेशन करवा कर छात्रवृति आवेदन पत्र में प्रोफाइल को ऑनलाइन update (update bhamashah details पर click कर) किया जा सकता है। इस संबंध में आयुक्तालय स्तर पर कोई आपत्ति/संशोधन स्वीकार योग्य नहीं होगा। अन्य किसी प्रकार के संशोधन यथा प्राप्तांक प्रतिशत, अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण (12वीं) संकाय एवं विद्यालय का प्रकार, बोर्ड तथा दोहरा नाम अंकित हो गया हो, के संबंध में यदि किसी प्राचार्य/छात्रा/अभिभावक/संबंधित विभाग या अन्य किसी को आपत्ति/संशोधन है, तो वह अस्थाई सूची जारी होने के 5 दिवस में सम्बंधित महाविद्यालय में सुचना करें।

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू